रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ़, अजमेर-305814

E-mail : info.bldevanda@yahoo.com

क्रमांक :

दिनांक 11.08.2023

## "अंगदान जीवनदान महाअभियान"

"अंगदान जीवनदान महाअभियान" की जागरूकता के सम्बन्ध में स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय व स्वामी विवेकानन्द शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, रूपनगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय अंगदान दिवस 03.08.2023 के उपलक्ष्य में राज्य में अंगदान को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय में दिनांक 11.08.2023 को "अंगदान जीवनदान महाअभियान" कार्यक्रम के अन्तर्गत राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रूपनगढ़ के चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने छात्राओं को अंगदान के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी दी तथा कोटडी के प्रेमा राम का उदाहरण देकर समाज में अंगदान को लेकर प्रचलित भ्रांतियों को दूर किया। उन्होनें छात्राओं को अंगदान की शपथ भी दिलाई। महाविद्यालयों की छात्राओं ने भी अंगदान के बारे में अपने विचार व्यक्त किये। महाविद्यालय सचिव डॉ.बी.एल. देवन्दा, अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाखर, ने भी सभी छात्राओं को अंगदान से होने वाले फायदों से अवगत करवाया।

प्राचार्य डॉ रानू वार्ष्णेय ने छात्राओं को अंगदान के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने कहा कि हम सभी को अपने-अपने परिवारों में अंगदान के बारे में जानकारी देनी चाहिए।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर–305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 15/08/2023

## स्वतन्त्रता दिवस(15 अगस्त)

15 अगस्त 77 वॉ स्वतन्त्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सैनिक धन्ना सिंह जी राठौड ने झंडारोहण करके कार्यक्रम शुरूवात की। महाविद्यालय सचिव श्री डॉ.बी.एल. देवन्दा, प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय, कॉलेज प्रभारी श्री रमेश मीणा एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

राष्ट्रगान के बाद छात्राओं ने राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिसमे पिंका, राजू, ज्योति, मोना ने देश मेरा रंगीला.....गीत नृत्य किया। अन्नू ने भाषण दिया, इसके अतिरिक्त एकल नृत्य, समूह नृत्य, कविता आदि प्रस्तुत किया।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत रक्षाकर्मी, हिम्मत सिंह, धन्ना सिंह जी का माल्यापर्ण करके सम्मान किया गया और समस्त छात्राओं को पंच प्रण की शपथ एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह के द्वारा दिलाई गई। महाविद्यालय एन.एस.एस. द्वारा महाविद्यालय परिसर व गोद ग्राम मगरी का बालाजी, रूपसागर तालाब, नूंवा, में 75 छायादार पौधों का वृक्षारोपण किया गया।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 05.09.2023

# शिक्षक दिवस

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ व स्वामी विवेकानन्द शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में 5 सितम्बर 2023 को शिक्षक दिवस का कार्यक्रम हर्ष उल्लास पूर्वक मनाया गया। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा, अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाखर, प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय, महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

छात्र–छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये तथा सभी शिक्षकों को फूल एवं उपहार देकर सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा छात्र–छात्राओं को एक उत्तम शिक्षक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्श पर चलने के लिए प्रेरित किया एवं सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

05/09/2023

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर–305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 04.9.2023

## राजस्थान मिशन–2030

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ व महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में राजस्थान मिशन–2030 के अन्तर्गत निबन्ध व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय स्तर पर किया। प्रतियोगिताओं में बहुत–बडी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं के जरिए युवाओं की आकांक्षाओं को जानकर, उनके सुझावों के आधार पर विजन दस्तावेज 2030 का निर्माण किया जाना है। भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय स्तर पर पिन्का डूडी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पिन्का डूडी को महाविद्यालय द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अंत में प्राचार्य द्वारा सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

4/9/2023

प्राचार्य

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर–305814

E-mail : info.bldevanda@yahoo.com

क्रमांक :

दिनांक 12/9/2023

## अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के तहत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय शिक्षा का अधिकार था। सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा, अध्यक्ष बजरंग लाल भाखर, प्राचार्य रानू वार्ष्णेय, महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा ने मॉ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारमम्भ किया। गोष्ठी के मुख्य वक्ता श्रीमती अनिता धाकड ने शिक्षा के अधिकार के बारे में अपने विचार व्यक्त किये तथा छात्राओं को इस कानून के इतिहास व उद्देश्य से परिचित करवाया और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी सुश्री फराह ने इस वर्ष की थीम " परिवर्तनशील दुनिया के लिए साक्षरता को बढ़ावा देना : टिकाऊ और शांतिपूर्ण समाजों की नींव का निर्माण करना" के बारे में अवगत करवाते हुए सभी श्रोताओं और वक्ताओं को धन्यवाद दिया।

12/09/2023

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर-305814

E-mail : info.bldevanda@yahoo.com

क्रमांक :

दिनांक 15/09/2023

## ओरिएंटेशन प्रोग्राम

## बी.एड.प्रथम वर्ष 2023–24 के नवीन सत्र का शुभारंभ

15 नवम्बर 2023 को स्वामी विवेकानन्द शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में बी.एड. प्रथम वर्ष 2023-24 के नवीन सत्र का शुभारंभ शुक्रवार को ओरिएंटेशन प्रोग्राम के साथ आयोजित किया गया। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा, अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाकर, प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय एवं प्रभारी रमेश मीणा ने दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प माला पहनाकर कार्यक्रम का शुभांरभ किया। बी.एड. द्वितीय वर्ष प्रशिक्षणार्थियों सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की एवं नव प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों के कुमकुम व अक्षत लगाकर स्वागत किया।

महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा ने अपने उद्‌बोधन में प्रशिक्षणार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। प्रशिक्षणार्थियों को शिक्षा के माध्यम से स्वंय का व्यक्तित्व को संवारकर देश सेवा के लिए प्रेरित किया। बी.एड. प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने प्रशिक्षणर्थियों को सत्र के दौरान होने वाली संपूर्ण शैक्षिक व सह–शैक्षिक गतिविधियों से परिचित करवाया। इसके उपरांत समस्त प्रवक्ताओं ने अपने–अपने विषय के संबध में जानकारी दी। तत्पश्चात् सभी प्रशिक्षणार्थियों ने अपना–अपना परिचय दिया। गत सत्र के दौरान की गई संपूर्ण गतिविधियों की विडियो क्लिप भी दिखाई गई।

प्रभारी रमेश मीणा ने भी सभी प्रशिक्षणार्थियों को अनुशासन के महत्व के बारे में बताया तथा मिठाई वितरण के साथ ओरिएंटेशन प्रोग्राम का समापन पर आभार जताया।

Ranu 15/09/2023

प्राचार्य

स्वामी विवेकानन्द शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय

रूपनगढ (अजमेर)

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर–305814

E-mail : info.bldevanda@yahoo.com

क्रमांक :

दिनांक 14.09.2023

## हिन्दी दिवस समारोह

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ व स्वामी विवेकानन्द शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, रूपनगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 14.09.2023 को हिन्दी दिवस के रूप मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा, श्री बजरंग लाल भाखर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रेनू वार्ष्णेय ने की। प्राचार्य महोदय ने अपने उद्वबोधन में कहा की हिन्दी हमारी राजभाषा है हमें इस पर गर्व होना चाहिए तथा इसके सम्मान के लिए प्रत्येक नागरिक को हिन्दी भाषा को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

महाविद्यालय में हिन्दी दिवस पर कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ज्योति, नीलम, मंजू, दीपा और नीशा ने अपनी–अपनी प्रस्तुतियॉ दी। हिन्दी दिवस पर महाविद्यालय में वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक "क्या राष्ट्र भाषा के लिए हिन्दी उपयुक्त है"। जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने इसके पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किये। अन्त में परिणाम स्वरूप यह निर्णय लिया गया कि हिन्दी राष्ट्र भाषा के लिए उपयुक्त है। सभी ने इस पर सहमति व्यक्त की।

अन्त में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने आगन्तुक अतिथियों एवं समस्त छात्राओं को हिन्दी दिवस की शुभकामना देकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

मंच संचालन व्याख्यता कु. फराह ने किया।

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर–305814
E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक : दिनांक 19.09.2023

## स्वच्छता ही सेवा अभियान

देशभर में स्वच्छता के राष्ट्रव्यापी अभियान की कड़ी में स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में दिनांक 15.09.2023 से 02.10.2023 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत् आज दिनांक 19 सितंबर 2023 को एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी सुश्री फराह द्वारा विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई | स्वच्छता शपथ में इस बात का सकंल्प लिया गया कि "प्रत्येक वर्ष 100 घंटे यानि हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान करेंगे तथा न गन्दगी करेंगे न ही गन्दगी करने देंगे। हर वर्ष 100 घण्टे यानी हर सप्ताह 02 घण्टे श्रम दान करके स्वच्छता को चरित्रार्थ करेगें। महात्मा गांधी के सपने को पूर्ण करने के लिये माँ भारती को गंदगी से दूर कर स्वच्छ बनायेगे। इस विचार को गाँव-गाँव और गली-गली तक ले जायेंगे और स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ायेगें तथा अन्य 100 व्यक्तियों से भी स्वच्छता में भागीदार बनायेंगे।

साथ ही महाविद्यालय में गणेश चतुर्थी का उत्सव मनाया गया। महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा ने गणेश जी की मूर्ति का माल्यापर्ण करके कार्यकम की शुरूवात की। इस कार्यकम में महाविद्यालय की छात्राऍ शीतल, अंकिता, कोमल, बसन्ती, मैना, संतरा, इत्यादी ।

प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय, महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा उपस्थित सभी छात्र–छात्राओं को मिठाई वितरण के बाद सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर-305814
E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक : दिनांक 23.09.2023

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में आज दिनांक 23 सितम्बर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के 54 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय एन.एस.एस इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय के मार्गदर्शन में द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसके प्रथम सत्र में एन.एस.एस. का अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रो. फराह ने स्वंयसेवी छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति जागरूक किया। तत्पश्चात महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा के निर्देशन में स्वंयसेविकाओं और अन्य विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जोर-शोर से नारे लगाकर ग्रामवासियों को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। द्वितीय सत्र में कार्यक्रम प्रभारी के निर्देशन में गोद ग्राम मगरी का बालाजी, नंवा में जाकर श्रमदान किया गया तथा बाल-विवाह, कन्या भ्रूण हत्या व घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने के प्रति जागरूकता बढाने हेतु नुक्कड़ नाटक का मंचन ग्रामीणों के बीच किया गया। इसके पश्चात् विद्यार्थियों को जलपान कराया गया।

अंत में महाविद्यालय सचिव डॉ.बी.एल. देवन्दा द्वारा छात्राओं को विद्यार्थी जीवन के महत्व को समझाते हुए उसमें अनुशासन एवं पूर्ण लगन से अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान करने के लिए प्रेरित किया। शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

प्राचार्य
प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 1/10/2023

## स्वच्छता ही सेवा अभियान

देशभर में स्वच्छता के राष्ट्रव्यापी अभियान की कड़ी में स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में दिनांक 15.09.2023 से 02.10.2023 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत् स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है।स्वच्छता पखवाड़ा के तहत् आज दिनांक 01 अक्टूबर 2023 को एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह के निर्देशन में सभी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वंय सेविकाओं एवं स्टाफ सदस्यों ने महाविद्यालय परिसर में 1 घंटा श्रमदान कर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में भागीदारी निभाई। स्वच्छता सेल्फी और विडियों को स्वच्छता ही सेवा पोर्टल पर अपलोड किया गया। प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने बताया कि यह अभियान महात्मा गांधी जी की पुण्य तिथि को श्रद्धांजलि देने के रूप में समर्पित है।

1.10.2023

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक : दिनांक 02.10.2023

## महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ एवं स्वामी विवेकानन्द शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, रूपनगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 02.10.2023 को महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती का आयोजन किया गया। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल.देवन्दा, अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाखर ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस कार्यक्रम में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय गांधीयन विचार था। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता टीम को पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं नें भाषण प्रस्तुत किये एवं अनेंक मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल.देवन्दा ने छात्र–छात्राओं को गांधी विचारधारा पर चलने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय व महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा ने छात्र–छात्राओं को गांधी जी के विचारों से अवगत कराया तथा सभी का आभार व्यक्त किया।

Rav 2.10.2023

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक : दिनांक 06.10.2023

## अमृत कलश यात्रा

आज दिनांक 6 अक्टूबर 2023 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ की एनएसएस इकाई द्वारा आजादी के अमृत काल में देश के वीर शहीदों को समर्पित "मेरी माटी मेरा देश अभियान" के तहत अमृत कलश यात्रा निकाली गई | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह के निर्देशन में विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों से मंगवाई गई एक मुट्ठी मिट्टी और चावल को अमृत कलश में एकत्रित करवाया गया तथा पंच प्राण की प्रतिज्ञा भी दिलवाई गई | प्राचार्य रानू वार्ष्णेय ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा स्थापित अमृत कलश की मिट्टी को नई दिल्ली की अमृत वाटिका में रखा जाएगा तथा राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने का यह प्रयास सफल बनाया जाएगा | प्रभारी रमेश मीणा द्वारा बताया गया कि यह सिर्फ कार्यक्रम भर नहीं बल्कि विद्यार्थियों के लिए भारत के भविष्य से जुड़ने व इसकी महानता में योगदान देने का एक साधन है |

6/10/2023

प्राचार्य

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर-305814

E-mail : info.bldevanda@yahoo.com

क्रमांक :

दिनांक 14.10.2023

## प्रेस विज्ञप्ति

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय एवं स्वामी विवेकानन्द शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय रूपनगढ के संयुक्त तत्वाधान में विश्व निवेशक सप्ताह 2023 के तहत् SEBI एवं NCDEX द्वारा आयोजित वित्तीय शिक्षा और साइबर क्राइम कार्यशाला का आयोजन किया। जिसकी मुख्य वक्ता शकुन्तला देवी पारीक रही। श्रीमती पारीक ने कार्यशाला में बैंक, पोस्ट ऑफिस, सुकन्या समृद्वि योजना, म्यूच्यूअल फण्ड, स्टॉक मार्केट एवं इसमें होने वाले फायदे एवं नुकसान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने चिटफंड पोंजी स्कीम, नेटवर्क मार्केटिंग इत्यादि में निवेश करने से पहले उनकी रिस्क को पहचाने कि सलाह दी तथा रूलऑफ 72 का उपयोग करना सिखाया, ताकि हम खुद निकाल सके कि हमारा पैसा कब दुगना होगा। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम ऑनलाइन ठगी का मुख्य कारण है।

श्रीमती पारीक ने बताया कि सुरक्षित निवेश किस तरह से करें तथा धोखाधडी करने वाली कम्पनियों से व ऑन लाइन ट्रेडिंग से सावधान रहे। ~~समारोह~~ में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव डॉ. बी.एल देवन्दा, अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाखर एवं सभी छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्रभारी रमेश मीणा, प्राचार्या डॉ. रानू वार्ष्णेय द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

प्राचार्या

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर–305814

E-mail : info.bldevanda@yahoo.com

क्रमांक : दिनांक 26.10.2023

## रक्तदान शिविर

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में कल दिनांक 27.10.2023 को रक्तदान शिविर का आयोजन स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ के परिसर में प्रातः 10 बजे से साय 4 बजे तक किया जायेगा। अपने परिवार के सदस्यों को जनकल्याण हेतु जागरूक कर रक्तदान शिविर में लाये और रक्तदान जैसे महान कार्य में सहयोग करे।

प्राचार्य

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय

रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

प्राचार्य

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर–305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 27.10.2023

## रक्तदान शिविर

आज दिनांक 27.10.2023 को स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जवाहर लाल नेहरू अस्पताल अजमेर की ब्लड बैंक टीम द्वारा शिविर में रक्त संग्रहण किया गया। शिविर का शुभांरभ महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा, अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाकर द्वारा फीता काटकर किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य ने शिविर की सराहना करते हुए कहा की महाविद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित कर युवाओं को राष्ट्रीय सेवा का संदेश देना व समाज के प्रति जिम्मेदारियों का अहसास करवाना प्रमुख लक्ष्य है। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा द्वारा बताया गया कि रक्तदान से शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पडता है। शिविर में विद्यार्थियों में अलग प्रकार का जोश देखने को मिला तथा उन्होने बढ़–चढ़कर इसमें भाग लिया। महाविद्यालय शिक्षक, छात्र–छात्राओं एवं समाज के युवाओं एवं महिलाओं ने भी रक्तदान किया गया। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने बताया कि मानव रक्त का उत्पादन किसी मशीन में संभव नहीं अतः ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करें, ताकि आपात स्थिति में जरूरतमंद व्यक्ति को रक्त की प्राप्ति हो सके। शिविर में कुल 55 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया तथा रक्तदाताओं को जलपान भी करवाया गया। सेल्फी पोइंट पर लोगो द्वारा सेल्फी ली गई तथा अन्य लोगो के साथ साझा कर रक्तदान के प्रति जागरूकता बढाई। अंत में सभी स्टॉफ सदस्य व रक्तदाताओं के सहयोग से आयोजित शिविर की सफलता पर महाविद्यालय अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाकर एवं प्रभारी श्री रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रुपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर- 305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक............................

## शैक्षणिक भ्रमण

स्वामी विवेकानन्द शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय का माउंट आबू (सिरोही) एवं गुजरात के लिए रवाने होने वाले चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण दल को दिनांक 01.11.2023 सांय 7:30 बजे महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा, अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाकर, प्राचार्य रानू वार्ष्णेय, प्रभारी श्री रमेश मीणा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

प्रथम दिवस को सर्वप्रथम दल माउण्ट आबू (सिरोही) पहुंचा वहा ब्रहमा कुमारी आश्रम, नक्की झील, टॉड रॉक, सनसेट पोइंट आदि दर्शनिय स्थलों का भ्रमण कर भोजन उपरांत रात्रि विश्राम स्थल पर पहुंचे। द्वितीय दिवस को अचलेश्वर महादेव, गुरूशिखर, देलवाड़ा के जैन मंदिर, अबुर्दा देवी मंदिर आदि स्थलो का भ्रमण कर भोजन उपरांत रात्रि विश्राम स्थल पर पहुंचे। तृतीय दिवस को गुजरात के कोटेश्वर महादेव मंदिर, अंबा माता मंदिर, कामाक्षी माता मंदिर, जैन मंदिर दर्शनिय स्थलों का भ्रमण करते हुए 05.11.2023 को प्रातः 4:30 बजे भ्रमण दल महाविद्यालय रूपनगढ में पहुंचा। इसके साथ ही शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न हुआ।

शैक्षणिक भ्रमण के सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा, अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाकर, प्राचार्य रानू वार्ष्णेय प्रभारी श्री रमेश मीणा ने समस्त छात्र–छात्राओं व स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्राचार्य

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय

रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-mail : info.bldevanda@yahoo.com

क्रमांक :

दिनांक 18/11/2023

## बेस्ट डिफेन्डर अवार्ड

महिला शिक्षा के प्रचार प्रसार में अग्रणी भूमिका निभाने वाले स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ अब खेल प्रतियोगिताओं में छात्राओं की भागीदारी को प्रेरित करने वाला कस्बे का सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय बन गया है। महाविद्यालय की बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा आंचल वैष्णव पुत्री श्री पवन कुमार वैष्णव को ग्राम त्योद में आयोजित ओपन कब्बड़ी प्रतियागिता में बेस्ट डिफेन्डर का अवार्ड मिला। महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा द्वारा बताया गया कि महाविद्यालय छात्राओं के सर्वागीण विकास हेतु प्रयासरत है तथा महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में भी महाविद्यालय की छात्राऐ भाग ले रही है जिसमें कब्बड़ी में सेमीफाइनल तक पहुंची। छात्राओं को महाविद्यालय में सभी प्रकार की खेल संसाधन प्रदान किये जा रहे है।

प्राचार्य

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर–305814

E-mail : info.bldevanda@yahoo.com

क्रमांक :

दिनांक 20/11/2023

## कौमी एकता सप्ताह
## 17 नवम्बर से 25 नवम्बर 2023

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में दिनांक 19–25 नवम्बर 2023 तक कौमी एकता सप्ताह मनाया गया। इस सप्ताह के अन्तर्गत राट्रीय एकता, धर्म निरपेक्षेता एवं अहिंसावादी विचारों के प्रसार हेतु विचार गोष्ठीयॉ आयोजित की गई। सांस्कृतिक एकता को प्रोत्साहित एवं उन्नत करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किऐ गऐ। स्वंय सेविकाओं एवं अन्य छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम प्रभारी द्वारा स्वंय सेविकाओं को सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग सबंधी जानकारी दी गई तथा फेक न्यूज प्रसार की रोकथाम हेतु उपाए बताये गऐ ताकि समाज में शांति समरसता का वातावरण बना रहे।

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर-305814
E-mail : info.bldevanda@yahoo.com

क्रमांक :

दिनांक 28/11/2023

## संविधान दिवस

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में एन.एस.एस. इकाई के तत्वाधान में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं व्याख्याताओं नें संविधान की विशेषता व इसके विस्तृत रूप के बारे में समूह चर्चा की। छात्रा कान्ता कुमावत व मंजू कुमावत ने संविधान की महत्ता के बारे में भाषण प्रस्तुत किये। इस मौके पर एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह के निर्देशन में संविधान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संविधान से संबंधित प्रश्नों के उत्तर छात्राओं द्वारा उत्साहित होकर दिये गऐं। विजेताओं को महाविद्यालय की तरफ से प्रशस्ति पत्र व पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य ने कहा कि हम संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढावा देने के लिए यह दिवस मनाते है।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रुपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर–305814

E-mail : info.bldevanda@yahoo.com

क्रमांक :

दिनांक 18/11/2023

# बेस्ट डिफेन्डर अवार्ड

महिला शिक्षा के प्रचार प्रसार में अग्रणी भूमिका निभाने वाले स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ अब खेल प्रतियोगिताओं में छात्राओं की भागीदारी को प्रेरित करने वाला कस्बे का सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय बन गया है। महाविद्यालय की बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा आंचल वैष्णव पुत्री श्री पवन कुमार वैष्णव को ग्राम त्योद में आयोजित ओपन कब्बड़ी प्रतियागिता में बेस्ट डिफेन्डर का अवार्ड मिला। महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा द्वारा बताया गया कि महाविद्यालय छात्राओं के सर्वागीण विकास हेतु प्रयासरत है तथा महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में भी महाविद्यालय की छात्राऐ भाग ले रही है जिसमें कब्बड़ी में सेमीफाइनल तक पहुंची। छात्राओं को महाविद्यालय में सभी प्रकार की खेल संसाधन प्रदान किये जा रहे है।

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

**स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ**

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-mail : info.bldevanda@yahoo.com

क्रमांक :

दिनांक 09/12/23

# मानवाधिकार दिवस

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में मानवाधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत तथा ईश वंदना से हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा ने मानवाधिकार के महत्व पर प्रकाश डाला तथा संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका को रेखांकित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने छात्राओं को मानवाधिकारों की प्रारंभिक अवस्था से लेकर वर्तमान तक के विकास कम से अवगत कराया। कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय "मानवाधिकारः सभी के लिए स्वतंत्रता समानता और न्याय" था। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कोमल बी.ए. प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान बसन्ती बी.ए. द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान नीलम भांभी बी.ए. प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष श्री बजरंग लाल द्वारा विजेताओ को पुरूस्कृत किया गया।

अंत में महाविद्यालय प्राचार्य ने सभी छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा आस-पडोस में भी जागरूकता प्रसारित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में श्रीमती सुनिता चौधरी, श्रीमती निर्मला लोधी, सुश्री विजय लक्ष्मी कुमावत, श्री शाहिद खान श्री मोहन लाल प्रजापत आदि उपस्थित रहें।

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-mail : info.bldevanda@yahoo.com

क्रमांक :

दिनांक 23/12/23

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया गया। इस दौरान जागरूक उपभोक्ता संरक्षित उपभोक्ता विषय पर परिचर्चा आयोजित हुई। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा एवं अध्यक्ष बजरंग लाल भाखर ने ग्राहकों को शोषण से बचने के लिए जागरूकता का मंत्र दिया। मुख्य वक्ता श्रीमती अनिता धाकड़ ने सत्र की शुरूआत की और कहा कि, एक उपभोक्ता के रूप में कोई वस्तु या सेवा प्राप्त करते समय बहुत सावधान रहना चाहिए। छात्रा लीला चौधरी ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत उपभोक्ता के आवश्यक अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया।

अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने अधिनियम के चैनाईलाइजेशन पर चर्चा की और बताया कि पहले उपभोक्ता जिला स्तर, राज्य स्तर और अंत केन्द्रिय स्तर पर शिकायत दर्ज कर सकता है एवं सभी स्वंय सेविकाओं को धन्यवाद दिया। महाविद्यालय के व्याख्यातागण श्रीमती राधे रानी तिवारी, डॉ. कोमल पारीक, श्रीमती निकिता सोलंकी, श्री मोहन लाल प्रजापत इत्यादि उपस्थित थे।

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर–305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 12/01/2024

## राष्ट्रीय युवा सप्ताह का उदघाटन

आज दिनांक 12 जनवरी 2024 को स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वामी विवेकनन्द जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा सप्ताह का शुभांरभ महाविद्यालय सचिव डॉ.बी.एल. देवन्दा, अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाखर, प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक, डॉ. रानू वार्ष्णेय, कॉलेज प्रभारी श्री रमेश मीणा ने स्वामी विवेकानन्द जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा ने अपने उद्‌बोधन में स्वामी विवेकानन्द जयंती की शुभकामनाएँ देते हुए विद्यार्थियों को बताया कि जितना बडा संघर्ष होगा जीत उतनी ही शानदार होगी।

महाविद्यालय प्राचार्य कोमल पारीक ने अपने प्रेरणात्मक उद्‌बोधन में युवाओं को विवेकानंद जी की जीवनी के बारे में बताया तथा उनके आदर्शो पर चलने के लिए प्रेरित किया। एन.एन.एस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण हेतु युवाओं को संकल्प लेकर अपने कर्त्तव्य पथ पर निरतंर बढते रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में एकल व सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम का संचालन छात्रा पिंका डूडी और मंजू कुमावत द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुनिता चौधरी, सुश्री विजयलक्ष्मी कुमावत, श्री शाहिद खान, मोहन लाल प्रजापत एवं अन्य स्टाफ गण व विद्यार्थी उपस्थित रहे। अतं में महाविद्यालय प्रभारी द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 13/01/2024

## राष्ट्रीय युवा सप्ताह का उदघाटन

दिनांक 12 जनवरी 2024 को स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वामी विवोकनन्द जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा सप्ताह का शुभांरभ महाविद्यालय सचिव डॉ.बी.एल. देवन्दा, अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाखर, प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक, डॉ. रानू वार्ष्णेय, कॉलेज प्रभारी श्री रमेश मीणा ने स्वामी विवेकानन्द जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा ने अपने उदबोधन में स्वामी विवेकानन्द जयंती की शुभकामनाएॅ देते हुए विद्यार्थियों को बताया कि जितना बडा संघर्ष होगा जीत उतनी ही शानदार होगी। महाविद्यालय प्राचार्य कोमल पारीक ने अपने प्रेरणात्मक उदबोधन में युवाओं को विवेकानंद जी की जीवनी के बारे में बताया तथा उनके आदर्शो पर चलने के लिए प्रेरित किया। एन.एन.एस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण हेतु युवाओं को संकल्प लेकर अपने कर्त्तव्य पथ पर निरतंर बढते रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में एकल व सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम का संचालन छात्रा पिंका डूडी और मंजू कुमावत द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय युवा सप्ताह के 13.01.2024 द्वित्तीय दिवस पर विभिन्न खेल कूद जैसे लम्बी कूद, चम्मच कंचा रेस, गोला फेंक आदि प्रतियोगिताए आयोजित की गई। इस अवसर पर सुनिता चौधरी, सुश्री विजयलक्ष्मी कुमावत, श्री शाहिद खान, मोहन लाल प्रजापत एवं अन्य स्टाफ गण व विद्यार्थी उपस्थित रहे। अतं में महाविद्यालय प्रभारी द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्राचार्य

प्राचार्य<br>स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय<br>रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक : दिनांक 16/01/2024

## राष्ट्रीय युवा सप्ताह

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ एवं स्वामी विवेकानन्द शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय रूपनगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी विवोकनन्द जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अन्तगर्त खेल एवं विभिन्न कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने बढ़–चढकर भाग लिया जिसमें 100 मीटर व 200 मीटर दौड प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर रेस, मेंहदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, फूड विदाउट फ्लेम, भाषण प्रतियोगिताएँ आदि शामिल थी। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल देवन्दा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि व्यक्तित्त्व के संपूर्ण विकास के लिए शैक्षिक योग्यता के साथ–साथ सह–शैक्षिक गतिविधियॉ भी आवश्यक है। जिनका उपयोग विद्यार्थी अपने भावी जीवन के लिए भी करता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाखर, प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय व डॉ. कोमल पारीक, सुनिता चौधरी, सुश्री विजयलक्ष्मी कुमावत, श्री शाहिद खान, मोहन लाल प्रजापत एवं अन्य स्टाफ गण व विद्यार्थी उपस्थित रहे। अतं में महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-mail : info.bldevanda@yahoo.com

क्रमांक :

दिनांक 18/01/2024

## राष्ट्रीय युवा सप्ताह समापन समारोह

दिनांक 18.01.2024 को स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ में स्वामी विवेकानन्द के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय युवा सप्ताह के समारोह समापन का शुभांरभ मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम का का आगाज मॉ सरस्वती व गणेश वन्दना के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा, अध्यक्षता श्री बजरंग लाल भाकर ने की। प्रतिवर्ष कि भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय युवा सप्ताह के दौरान महाविद्यालय में दिनांक 12 जनवरी से 18 जनवरी के बीच विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यक, खेल–कूद एवं मनोरंजक प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई थी। महाविद्यालय की छात्राओ ने आयोजित सभी प्रतियोगिताओं में बढ–चढकर भाग लिया। महाविद्यालय कि छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। पांडाल में दर्शक गण तालियों के साथ झूम उठे। मुख्य अतिथि महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि आज के युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपना कर अपने व्यक्तिव का निर्माण कर राष्ट्र व समाज के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए । समापन समारोह के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने अपने उद्‌बोधन में महाविद्यालय की प्रगति से सभी को अवगत करवाया तथा स्वागत भाषण के साथ छात्राओं को कहा कि उठो जागो और तब तक नहीं रूकों, जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाये। महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा ने सभी आगन्तुक अतिथियों एवं छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित कर समारोह का समापन किया गया । कार्यक्रम में डॉ. रानू वार्ष्णेय, महाविद्यालय के व्याख्यतागण, एन.एन.एस प्रभारी सुश्री फराह, मोहन लाल प्रजापत आदि थे।

प्राचार्य प्राचार्य

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय

रूपनगढ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर–305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 24/01/2024

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर का उद्घाटन

आज दिनांक 24 जनवरी 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया | उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय सचिव डॉ बी एल देवेन्दा, अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर, प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक , डॉक्टर रेणू वार्ष्णेय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया | प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि आत्मनिर्भर बनने के लिए समय का सदुपयोग और अनुशासन बेहद जरूरी है तथा इसके लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के मंच से विद्यार्थियों को जोड़ा जाता है ताकि शिक्षा के साथ इन गुणों का विकास भी हो | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने शिविर की रूपरेखा स्वयंसेविकाओं को समझाते हुए बताया कि आप लोग पूरे शिविर के दौरान श्रमदान, रचनात्मक गतिविधियों एवं सामुदायिक सेवा कार्यक्रमों में उत्साह पूर्वक भाग ले एवं लोकतांत्रिक जीवन के मूल्यों को सीखे और आगे जाकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे | इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का सामूहिक गान किया गया | मानसिक शक्ति के विकास और एकाग्रता हेतु श्रीमती राधे रानी तिवारी द्वारा मेडिटेशन और ओम ध्वनि का उच्चारण करवाया गया | शिविर के प्रथम दिवस के दूसरे सत्र में स्वयं सेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया गया जिसमें सभी जगह पर साफ सफाई की गई तथा पौधों की सार संभाल कर, क्यारियॉ बनाई गई | तत्पश्चात शारीरिक स्फूर्ति हेतु सतोलिया खेल का आयोजन किया गया जिसमें स्वयं सेविकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया | अंतिम सत्र में स्वयंसेविकाओं के मध्य समूह चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने अपने विचार साझा किये तथा वैचारिक सहिष्णुता तथा असहमति प्रकट करने के तौर तरीकों को सीखा | स्वयंसेविकाओं द्वारा स्वयं के लिए भोजन तैयार किया गया तथा सामूहिक रूप से भोजन किया गया | महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीना द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया और राष्ट्रगान के साथ शिविर के प्रथम दिवस के कार्यक्रम का समापन किया गया |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर–305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 25/01/2024

## सप्त दिवसीय शिविर एवं मतदान दिवस

आज दिनांक 25 जनवरी 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ की एनएसएस इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के तहत दूसरे दिन गोद लिए गए ग्राम मगरी का बालाजी नुवा तथा राई का बाग क्षेत्र में कैंप का कार्य किया गया | इस सत्र में स्वयंसेविकाओं ने "अभी नहीं तो कभी नहीं" की तर्ज पर कार्य किया | इसमें स्वयंसेविकाओं द्वारा गांव में बसे ग्रामीण परिवारों की महिलाओं से सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति का सर्वेक्षण कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की गई | शिविर के दूसरे सत्र में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन के संदर्भ में महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक द्वारा स्वयंसेविकाओं एवं अन्य विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलवाई गई | स्वयंसेविका पिंका द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर ईवीम और वीवीपेट मशीन के बारे में जानकारी दी गई | सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेविकाओं द्वारा नृत्य व गायन प्रस्तुतियां दी गई | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाएं इस बार "एक बस्ती-एक परिवार-एक स्वयंसेविका" का लक्ष्य लेकर सामुदायिक सेवा में अच्छा कार्य करने को प्रयासरत रहे | शिविर के तृतीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान किया तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया | अंत में सामूहिक भोज कार्यक्रम हुआ तथा द्वितीय दिवस के कार्यक्रमों का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया | इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक, डाक्टर रानू वार्ष्णेय एवं सभी व्याख्यातागण स्वयंसेविकाओं के साथ उपस्थित रहे |

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09
मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814
E-mail : info.bldevanda@yahoo.com

क्रमांक :

दिनांक 26/01/2024

## गणतंत्र दिवस

आज दिनांक 26.01.2024 स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ के में 75 वॉ गणतन्त्र दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्रगान के साथ पवित्र तिरंगे को प्राचार्य, समस्त व्याख्याता गण, कर्मचारी और विद्यार्थियों के द्वारा सलामी दी गई। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों का जीवन संघर्ष हमें सदैव प्रेरणा देता रहेगा। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने अपने भाषण में युवाओं से आह्वान किया कि विकसित भारत के निर्माण हेतु वे अपने शक्ति पहचाने एवं राष्ट्र के विकास हेतु अपने कार्यो को समर्पित करे। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाऐं देते हुए बताया कि यह भारत का एक राष्ट्रीय पर्व है। संवैधानिक मूल्यों व लोकतंत्र की महानता को समर्पित गणतंत्र दिवस हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्त्तव्य के निर्वहन हेतु प्रेरित करता है। महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर के तृतीय दिवस पर (मेरे सपनों का भारत) विषय पर लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा, डॉ. कोमल पारीक एवं सभी महाविद्यालय स्टाफ एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. [illegible]

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 29/01/2024

सप्त दिवसीय शिविर का छटवॉ दिन

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर में आज दिनांक 29 जनवरी 2024 को प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं को योग और मेडिटेशन करवाया गया तथा गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया | स्वयंसेविकाओं को फलाहार करवाया गया | द्वितीय सत्र में कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं द्वारा गांव के विभिन्न रास्तों पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेविकाओं ने "Not me but you", "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ", "विकसित भारत", "स्वच्छता जागरूकता" के संवंध में जोर शोर से नारे लगाते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया | तृतीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने स्थानीय ऐतिहासिक स्थल रूपनगढ़ किला का भ्रमण किया | किले में स्वयंसेविकाओं की पहचान प्राचीन समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से हुई | छात्राओं ने गाइड महोदय से अनेक प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासा को शांत किया | कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने भ्रमण के महत्व से अवगत करवाते हुए स्वयंसेविकाओं को बताया कि यह संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, क्योंकि प्रत्यक्ष रूप से देखी गई चीजों का अनुभव, सीखने का एक अच्छा अवसर देते हैं | तत्पश्चात स्वयंसेविकाओं ने सामूहिक भोजन किया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ | कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर कोमल पारीक डॉक्टर रानू वार्ष्णेय व समस्त महाविद्यालय स्टाफ का सहयोग रहा |

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर–305814
E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

## ऐतिहासिक स्थल भ्रमण

दिनांक 29.01.2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ की बीए प्रथम वर्ष 2023-24 की इतिहास की छात्राओ को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार ऐतिहासिक स्थल भ्रमण हेतु ले जाया गया | इसके लिए छात्राओं को स्थानीय ऐतिहासिक स्थल रूपनगढ़ किले का भ्रमण करवाया गया| किले में छात्राओं की पहचान प्राचीन समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से हुई |महाविद्यालय इतिहास व्याख्याता सुमन कुमारी के निर्देशन में छात्राओं ने गाइड महोदय से अनेक प्रश्न पूछे व जानकारी प्राप्त की |किले में एक प्राचीन मजार है तथा किले का स्थापत्य राजस्थानी शैली से प्रभावित है | प्राचीन समय मे किला किशनगढ़ रियासत के अधीन आता था | संत नागरीदास जी भी यहां विहार करते थे | किले में एक प्राचीन माता जी का मंदिर है ,किले में एक गुप्त सुरंग दीवाने खास बुर्ज पर रखी तोप विद्यमान है |महाविद्यालय इतिहास व्याख्याता ने छात्राओं को समझाते हुए बताया कि इतिहास सिर्फ किताबों में पढ़ने की ही चीज नहीं है बल्कि इस प्रकार के ऐतिहासिक भ्रमण सीखने का एक नया अनुभव प्रदान करते हैं|

इतिहास प्रवक्ता

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09
मोबाइल : 9314618091
# स्वामी विवेकानन्द शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, रूपनगढ़
(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ़, अजमेर-305814
E-mail : svspmb.ed@gmail.com

क्रमांक :
दिनांक 30/01/2024

## सप्त दिविसीय विशेष शिविर का समापन

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में आज दिनांक 30 जनवरी 2024 को एनएसएस इकाई के द्वारा संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया | जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर बी एल देवेन्दा, अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक व डॉक्टर रेनू वार्ष्णेय रहे | कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं व स्टाफ सदस्यों द्वारा योग मेडिटेशन व रघुपति राघव राजा राम पर सामूहिक कीर्तन किया गया | डॉ बीएल देवेन्दा ने बताया कि कीर्तन की सहायता से मानसिक तनाव को कम किया जा सकता है तथा नकारात्मक विचारों को दूर कर स्वयं में सकारात्मक ऊर्जा संचारित करने का यह एक महत्वपूर्ण साधन है | द्वितीय सत्र में सेल्फ मेकअप प्रतियोगिता एवं हस्त सिलाई का आयोजन किया गया जिसमें ब्यूटीशियन श्रीमती गंगा कुमावत ने व्यक्तिगत स्वच्छता, मेकअप टिप्स, सिलाई टिप्स व ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण आदि के बारे में जानकारी प्रदान की तथा बताया कि घर पर ही रहकर अपने अंदर कौशल को विकसित कर किस प्रकार एक महिला आजीविका अर्जित कर सकती है | तृतीय सत्र में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता स्वयंसेविकाओं को पुरस्कार प्रदान किए गए | डॉक्टर कोमल पारीक ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वैच्छिक समुदाय सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व वह चरित्र का विकास होता है | तत्पश्चात बारी-बारी से स्वयंसेविकाओं ने अपने शिविर के सातों दिवस के अनुभव को सभी के साथ साझा किया | अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने शिविर के सातों दिवस का संक्षिप्त ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा शिविर में भाग ले रही सभी स्वयंसेविकाओं का आभार व्यक्त कर शिविर की सफलता की बधाई दी | कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्यों का सहयोग रहा |

प्राचार्य

**प्राचार्य**
**स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय**
**रूपनगढ़ (अजमेर) राज.**

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर–305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक : दिनांक 5/02/2024

## कैरियर ओरिएंटेशन प्रोग्राम

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय , रूपनगढ़ में आज दिनांक 5 फरवरी 2024 को कैरियर ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया | छात्राओं को ग्रेजुएशन के पश्चात किए जाने वाले पाठ्यक्रमों के बारे में अवगत कराने के लिए , राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय बांदरसिंदरी से डॉक्टर एस.एस.राठौर तथा उनकी टीम के सदस्य आए थे | उन्होंने छात्राओं को ग्रेजुएशन करने के पश्चात विषयों के चयन तथा उसकी प्रक्रिया के विषय में अवगत कराया | छात्राओं के द्वारा किए गए प्रश्नों का भी निराकरण किया गया | अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया |

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर–305814

E-mail : info.bldevanda@yahoo.com

क्रमांक :

दिनांक 14/02/2024

## बसंत पंचमी

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ में दिनांक 14.02.2024 को बसंत पंचमी समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव डॉ. बी.एल देवन्दा, अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाखर, प्राचार्या डॉ. कोमल पारीक, डॉ. रानू वार्ष्णेय, सभी व्याख्यातागण एवं छात्राएँ उपस्थित रही। सभी छात्राओ एंव प्रवक्ताओ ने सरस्वती माँ की पूजा की तथा उनको फूल अर्पित किए। महाविद्यालय के प्रभारी रमेश मीणा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर विद्यार्थियों की प्रगति की कामना के साथ समारोह का समापन किया गया ।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक : दिनांक 1/03/2024

## मेरा पहला वोट देश के लिए कार्यक्रम

आज दिनांक 1 मार्च 2024 को कस्बे के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत मेरा पहला वोट देश के लिए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भारत सरकार द्वारा संचालित इस कार्यक्रम के द्वारा चुनाव में युवाओं की सार्वभौमिक प्रबुद्ध भागीदारी सुनिश्चित करने तथा प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा युवा मतदाता मतदान में भाग लेने व प्रचार प्रसार करने हेतु इस कार्यक्रम को आयोजित करने का निर्णय लिया गया है । एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं के मध्य मतदाता जागरूकता के संबंध में स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें स्वयं सेविकाओं ने मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए नारे लिखे । महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक द्वारा स्वयंसेविकाओं को लोकतंत्र में मतदान के महत्व से अवगत करवाया गया । महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया ।

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

मोबाइल : 9314618091

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 4/03/2024

## कौशल विकास योजना 4.0 पर सेमिनार

आज दिनांक 4 मार्च 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में बीबीसी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन द्वारा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के तहत उच्च शिक्षा के साथ कौशल विकास में बढ़ावा देने हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा छात्राओं को कौशल विकास एवं एंटरप्रेन्योरशिप मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न कौशल विकास योजनाओं से अवगत करवाया गया, निशुल्क सर्टिफिकेट कोर्स के बारे में जानकारी दी गई एवं रजिस्ट्रेशन फॉर्म भी भरवा गए । साथ ही साथ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत मेरा पहला वोट देश के कार्यक्रम के तहत चुनाव में युवाओं की सार्वभौमिक प्रबुद्ध भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु तथा प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा युवा मतदाता मतदान में भाग लेने में प्रचार प्रसार करने हेतु महाविद्यालय की सभी छात्राओं एवं स्वयंसेविकाओं को एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह द्वारा मतदाता शपथ दिलवाई गई । शपथ में सभी के द्वारा यह प्रण लिया गया कि धर्म, मूलवंश,जाति, समुदाय, भाषा एवं अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी अपने मताधिकार का निष्पक्ष प्रयोग करेंगी । कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे अंत में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया ।

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 7/03/2024

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

आज दिनांक 7 मार्च 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया । महाविद्यालय सचिव डॉ. बी. एल. देवन्दा ने महिला सशक्तिकरण का संदेश देते हुए कहा कि महिला शिक्षा को बढ़ावा देने से ही महिला को सशक्त बनाया जा सकता है जो कि चुनौतियों पर काबू पाकर और बाधाओं को तोड़कर अपना विकास कर एक सशक्त समाज का निर्माण करेंगी । इस अवसर पर क्षेत्र की महिलाओं को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया तथा कविता पाठ समूह गीत व भाषण आयोजित किए गए । महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने द्रौपदी मुर्मू , किरण बेदी, झांसी की रानी के किरदार के बारे में छात्राओं को अवगत कराया तथा महिला जागरूकता के संदर्भ में विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डाला । एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह द्वारा सभी को इस वर्ष की महिला दिवस थीम इंस्पायर इंक्लूजन के बारे में अवगत कराया गया । कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया । कार्यक्रम में डॉ रानू वार्ष्णेय ,डॉक्टर हेमराज बैरवा ,व समस्त स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर-305814
E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक : दिनांक 16/03/2024

## तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन

आज दिनांक 16 मार्च 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के इस सत्र के तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया | राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के उपलक्ष में आयोजित इस शिविर की अध्यक्षता क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती ममता शर्मा तथा आशा सहयोगिनी श्रीमती इस योगिता सेन द्वारा की गई | शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय सचिव डॉ बी एल देवेंदा एवं अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाकर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया | शिविर के प्रथम सत्र में महिला एवं बाल स्वास्थ्य और टीकाकरण के महत्व पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रजनन स्वास्थ्य, टीकाकरण, माहवारी स्वच्छता, संस्थागत प्रसव, स्वास्थ्य कल्याण केंद्र आदि के बारे में चर्चा की गई | श्रीमती ममता शर्मा द्वारा द्वारा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई | कॉलेज व्याख्याता श्रीमती मीना कंवर द्वारा एनएसएस, लिंगानुपात, महिला शिक्षा आदि के बारे में जानकारी दी गई | स्वयंसेविका शीतल और अनु के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए | शिविर के दूसरे सत्र में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने नशा मुक्त भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर रचनात्मक पोस्टर बनाएं | शिविर का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह के निर्देशन में हुआ तथा अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ सामुदायिक सेवा के विचार से जोड़ती है जिससे कि युवा शक्ति का प्रयोग समाज की समस्याओं के निपटारे में किया जा सके | समापन सत्र में स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर के आसपास के क्षेत्र में श्रमदान किया | महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया तथा अल्पाहार के पश्चात राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन किया गया | शिविर में प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक, डॉ रानू वार्ष्णेय, समस्त स्टाफ सदस्य एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे |

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रुपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर–305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक : दिनांक 18/3/24

## नशा मुक्ति कार्यक्रम

आज दिनांक 18 मार्च 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई | कार्यक्रम में डॉक्टर कोमल पारीक, डॉ रानू वार्ष्णेय अन्य स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे | महाविद्यालय की प्रिंसिपल डॉक्टर कोमल पारीक ने नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में छात्राओं को जानकारी दी| प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया |

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 18/3/24

## Campus placement for JOB

आज दिनांक 18 मार्च 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में एनआईआईटी लिमिटेड द्वारा एक्सिस बैंक में सहायक प्रबंधक की जॉब हेतु प्लेसमेंट टीम का आगमन हुआ | कंपनी के एसोसिएट सोर्सिंग पार्टनर मनोज कश्यप एवं प्रतिभा चौधरी (काउंसलर) द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि यह एक सुनहरा अवसर है जिसमें स्नातक उत्तीर्ण होते ही एक्सिस बैंक में नौकरी कर सकते हैं | स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं के साक्षात्कार टीम सदस्यों द्वारा लिए गए तथा 13 विद्यार्थियों को अंतरिम रूप से चयनित किया गया | कार्यक्रम में डॉक्टर कोमल पारीक, डॉ रानू वार्ष्णेय अन्य स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे | महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया |

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09
मोबाइल : 9314618091
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ
(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर–305814
E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 21/03/2024

## फाग महोत्सव

दिनांक 21 मार्च 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में फाग महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ किया गया | महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक द्वारा दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया गया | महोत्सव में लोकगीत, लोक नृत्य ,भजन, होली नृत्य द्वारा छात्राओं ने भारतीय संस्कृति की परंपराओं को बहुत ही सुंदर व आकर्षक तरीके से दर्शाया | इस अवसर पर छात्राओं ने कृष्ण-राधा के रूप धारण किये तथा सभी छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा फूलों से होली खेली गई | डॉ रानू वार्ष्णेय ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बताया कि होली त्यौहार पर केमिकल रंगों का प्रयोग करने की बजाय हर्बल गुलाल का उपयोग करना चाहिए | कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य , विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा महाविद्यालय प्रभारी श्रीमान रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/[illegible]/2008-09 मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर 305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 9/04/2024

## अंतरराष्ट्रीय संबंध व भारतीय विदेश नीति के बदलते प्रतिमानों पर विभागीय संगोष्ठी

आज दिनांक 9 अप्रैल 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में "अंतरराष्ट्रीय संबंध और भारतीय विदेश नीति के बदलते प्रतिमान" विषय पर विभागीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया | महाविद्यालय सचिव डॉ बी एल देवेन्दा द्वारा संगोष्ठी के मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय रूपनगढ़ में राजनीति विज्ञान के सहायक आचार्य डॉ H. L.जलवानिया का स्वागत किया गया | मुख्य वक्ता द्वारा भारतीय विदेश नीति के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डाला गया तथा उन्होंने छात्राओं को बदलते प्रतिमानों में युवा भूमिका की महत्ता को समझाया | राजनीति विज्ञान की व्याख्याता सुश्री फराह द्वारा अंतरराष्ट्रीय संबंधों में क्षेत्रीय संगठनों की भूमिका तथा एक्ट ईस्ट पॉलिसी के बारे में व्याख्यान दिया गया | तत्पश्चात राजनीति विज्ञान की छात्राओं द्वारा संगोष्ठी में विविध मुद्दों पर पत्र वाचन किया गया | सभी छात्राओं को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया | प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने रोचक तथ्यों और जानकारी के साथ संगोष्ठी का समापन किया | महाविद्यालय प्रभारी डॉक्टर रमेश मीणा द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया | कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर रानू वार्ष्णेय,अन्य स्टाफ सदस्य व विद्यार्थियों का अहम योगदान रहा|

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 15/04/2024

## "व्यक्तित्व विकास एवं संप्रेषण कौशल" विषय पर कार्यशाला

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में दिनांक 15 अप्रैल 2024 को "व्यक्तित्व विकास एवं संप्रेषण कौशल" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस अवसर पर एमडीएस यूनिवर्सिटी से सेवानिवृत डीन डॉ. नागेंद्र सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक द्वारा डॉ. नागेंद्र सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया तथा डॉ. रानू वार्ष्णेय द्वारा संक्षिप्त जीवन परिचय प्रस्तुत किया गया । इस अवसर पर मुख्य वक्ता ने छात्राओं को समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण, सकारात्मक सोच, बॉडी लैंग्वेज, संप्रेषण कौशल के माध्यम से व्यक्तित्व विकास के बारे में जानकारी प्रदान की । महाविद्यालय सचिव डॉ. बी एल देवेंदा द्वारा विद्यार्थियों को आत्म सुधार के महत्व से अवगत करवाया गया । कार्यशाला में महाविद्यालय एनएसएस अधिकारी सुश्री फराह द्वारा व्यक्तित्व विकास को लेकर चरणबद्ध तरीकों की जानकारियां प्रदान की गई । इस मौके पर लीला चौधरी, पिंका डूडी,कविशा सैनी आदि छात्राओं ने व्यक्तित्व विकास को लेकर प्रश्न पूछे । अंत में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया । कार्यशाला को सफल बनाने में सभी स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 18/04/2024

## Guest Lecture

सिन्धू घाटी सभ्यता

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में दिनांक 18 अप्रैल 2024 को सिंधु घाटी सभ्यता विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया | मुख्य वक्ता डॉक्टर शाहिद खान का स्वागत प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया | डॉक्टर शाहिद खान ने विद्यार्थियों के सम्मुख सिंधु घाटी सभ्यता उत्खनन, खोज स्थल व पतन के कारणों पर मुख्य रूप से चर्चा की | महाविद्यालय में इतिहास व्याख्याता सुमन कुमारी द्वारा सिंधु धर्म व रीति रिवाज की चर्चा की गई |व्याख्यान पश्चात विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा विचारोत्तेजक प्रश्नों की श्रृंखला आयोजित की गई, जिसे डॉक्टर शाहिद खान द्वारा अत्यंत धैर्य व उत्साह के साथ उत्तरित किया गया | महाविद्यालय विद्यार्थियों के लिए यह एक संतुष्टिदायक अनुभव था | कार्यक्रम में अन्य स्टाफ सदस्यों का भी योगदान रहा | महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 131/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618691

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़

(संचालित मधु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्युकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ़, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :  दिनांक 25/05/2024

## पक्षी मित्र अभियान

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ की एनएसएस इकाई के तत्वाधान में आज दिनांक 25 मई 2024 को पक्षी मित्र अभियान आयोजित किया गया | इस भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों के दाना-पानी की व्यवस्था हेतु महाविद्यालय में विभिन्न स्थानों पर परिंडे लगाए गए | महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने बताया कि इस अभियान को आयोजित करने का उद्देश्य छात्राओं में प्रकृति एवं पशु पक्षियों के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना है | राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी सुश्री फराह ने बताया कि स्वयंसेविकाएं इस अभियान से जुड़े तथा अपने क्षेत्र के आसपास के लोगों को भी इसे जोड़ें ताकि प्रकृति संरक्षण में अपना योगदान दे सके | अंत में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया | कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित थे |

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ (अजमेर)

प्राचार्य

प्राचार्य

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय

रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक : दिनांक 5/6/2024

## सैनिटरी नैपकिंस के लिए ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन

दिनांक 5 जून 2024 को स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय रूपनगढ़ में बालिका स्वास्थ्य एवं स्वच्छता अभियान के तहत सैनिटरी नैपकिंस के लिए ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन लगाई गई | यह मशीन रूपनगढ़ क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती ममता शर्मा एवं सृष्टि सैनिटरी नैपकिंस के सहयोग से स्थापित की गई है | जिसका फायदा यह होगा कि कालेज छात्राओं को सस्ते दाम में महाविद्यालय में सैनिटरी नैपकिंस मिल सकेगा | डॉ रानू वार्ष्णेय ने बताया कि छात्राओं में माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु यह मशीन स्थापित करवाई गई है | प्रभारी रमेश मीणा द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्रतीक चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया गया।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक : दिनांक 21/06/2024

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

आज दिनांक 21 जून 2024 को स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय रूपनगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया | इस अवसर पर महाविद्यालय में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम, व्याख्यान व निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई | डॉ रानू वार्ष्णेय द्वारा योग के महत्व को इंगित करते हुए विद्यार्थियों को योगाभ्यास करवाया गया | महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग स्वस्थ मानव जीवन के लिए अति आवश्यक है । योगाभ्यास में महाविद्यालय शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने हिस्सा लिया | अंत में प्रभारी रमेश मीणा ने इस वर्ष की योग दिवस की थीम "योग स्वयं एवं समाज के लिए" से अवगत करवाते हुए उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया।

प्राचार्य

डॉक्टर कोमल पारीक

प्राचार्य

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय

रूपनगढ़ (अजमेर) राज.